प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान

भारतीय जनता पार्टी

प्रशिक्षण एक नए भारत के लिए

भारतीय जनता पार्टी

प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
प्रशिक्षण महाभियान

भारतीय जनता पार्टी

6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली- 110002

प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए

ISBN 9789388310390

9789388310390

संस्करण: प्रथम

वर्ष: 2020

© भारतीय जनता पार्टी
सर्वाधिकार सुरक्षित

सम्पादक: डॉ. आर बालाशंकर, हेमंत गोस्वामी

प्रकाशक एवं मुद्रक:
भाजपा प्रशिक्षण विभाग
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,
नई दिल्ली- 110002

डिजाईनर: अनूप कामथ

ईमेल: training@bjp.email
वेबसाइट: www.bjp.training

प्राक्कथन

यह पुस्तक एक झलकी है उन प्रयासों की जो आने वाले समय में हमारे देश की दिशा और दशा को परिभाषित करेगी और जो भविष्य के राजनीतिक कार्यकर्ताओं को एक निश्चित आकर और दिशा निर्देश प्रदान करने की एक रूपरेखा हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि, ''भारतीय जनसंघ (अब भारतीय जनता पार्टी) आत्मा का साक्षात्कार करने वाले उन लोगों का आंदोलन है जो देश को निर्माण की नई राह पर तीव्र गति से ले जाना चाहते हैं।''

'आत्मा का साक्षात्कार' अपने ध्येय को पहचानता है। इसी पहचान का एक माध्यम है अभ्यास वर्गों एवं प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशताब्दी पर पार्टी ने जो प्रशिक्षण महाभियान संचालित किया उसकी कतिपय झांकी इस सचित्र संवाद पुस्तिका में हैं।

''पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान'' का आरम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी समारोह के एक भाग के रूप में किया गया था। यह सचित्र संवाद पुस्तिका उन अकथ प्रयासों एवं कदमों का एक प्रतिबिम्ब है जिन्हें एक ऐसे वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक ऐसी सफलता और एक ऐसे आदर्श का निर्माण करने करने के लिए उठाया गया है, जिसका अनुगमन किया जा सके। इसमें कोई संदेह नहीं के यह पुस्तक अनगिनत कार्यकर्ता के प्रयासों को दर्शाने में समर्थ नहीं है और सबके प्रयासों को सम्मिलित करने में सक्षम नहीं हैं। देशभर के हजारों कार्यकर्ताओं ने विश्व के प्रथम इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक परिश्रम किया है। इतने विराट प्रयासों को कागज पर उतारने की अपनी सीमायें हैं।

इस सचित्र संवाद पुस्तिका का सुझाव हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने जून 2018 में दिया था कि जो भी वृहद कार्य हुआ है, उसका संक्षिप्त प्रलेखन अनिवार्य है। चूंकि प्रत्येक और हर प्रशिक्षण की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रशिक्षण कार्यक्रम की मूल योजना में नहीं थी, इसलिए इस सचित्र संवाद पुस्तिका को संकलित करना भी एक बड़ी चुनौती थी। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और श्री अमित शाह की उत्प्रेरणा ने इस सचित्र संवाद पुस्तिका की संकल्पना को संभव बनाया। मैं इस सचित्र संवाद पुस्तिका के निर्माण में प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डॉ. महेशचंद्र शर्मा, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव श्री महेंद्र पांडे के कुशल नेतृत्व एवं डॉ. आर. बालाशंकर और श्री हेमंत गोस्वामी, प्रशिक्षण कार्यक्रम के सदस्य द्वारा किए गए कार्यों का आभार व्यक्त करता हूँ।

पी. मुरलीधर राव
राष्ट्रीय महासचिव और प्रभारी
पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान

विषय–सूची

पृष्ठ संख्या 7

आरम्भ

पृष्ठ संख्या 27

पार्टी और सरकार

पृष्ठ संख्या 51

राज्यों में प्रशिक्षण

पृष्ठ संख्या 149

मोर्चा, विभाग और प्रकल्प

पृष्ठ संख्या 187

सैद्धांतिक आधार

पृष्ठ संख्या 195

कार्यालय सहयोग संचालन

पृष्ठ संख्या 199

खबरों में प्रशिक्षण कार्यक्रम

पृष्ठ संख्या 207

भविष्य की राह

आरम्भ

प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए

गांधीनगर में संपन्न अक्टूबर 1985 की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस संकल्प को पारित किया गया कि भाजपा को एक कार्यकर्ता आधारित संगठन बनाया जाएगा। तभी से पार्टी अपने कार्यकर्ताओं का विस्तार कर रही है तथा उन्हें सक्षम बना रही है जो पूर्ण निष्ठा के साथ राष्ट्र निर्माण के कार्य में बिना थके कार्य कर सकें।

भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कोई नई बात नहीं है परन्तु हाल के वर्षों में जिस तरीके से देश भर में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का काम हुआ है, वह निस्संदेह एक नई और उल्लेखनीय बात है। भाजपा के पूर्व संगठन भारतीय जनसंघ की प्राथमिकताओं में भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन व प्रेरणाप्रद प्रशिक्षण सबसे महत्त्वपूर्ण हुआ करता था।

क्षमता निर्माण करना और अगले स्तर का नेतृत्व तैयार करना आज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो चला है। पार्टी की विचारधारा समझने के लिए और इसके सिद्धांतों व नीतियों को आगे ले जाने के लिए यह बहुत आवश्यक है कि प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों का निर्माण किया जाए। भाजपा, जिसका जन्म ही भारतीय जनसंघ की

वर्ष 2014 के आम चुनाव में ऐतिहासिक विजय के बाद जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी। साथ में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह।

चुनौतियों व संघर्षों से हुआ है उसका आरम्भ से ही यह विश्वास रहा है कि प्रशिक्षण हमेशा जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करता है तथा ऐसे प्रशिक्षित कार्यकर्ता होने चाहिए जो जनता की अपेक्षा की मात्र पूर्ति ही न करें अपितु उन पर शतप्रतिशत रूप से खरे उतरें।

वर्ष 2014 के आम चुनाव में असाधारण और अद्‌भुत सफलता के बाद पार्टी ने यह निर्णय लिया कि कार्यकर्ताओं के लिए गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तार किया जाए और इनमें बड़ी संख्या में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। इसके पीछे लक्ष्य था राष्ट्र-निर्माण के सकारात्मक संदेश को प्रसारित करना और हिन्दुस्तान के ज्यादा से ज्यादा लोगों के पास पहुँचना।

वर्ष 2015 में भाजपा जब भारतीय जनसंघ के निर्माण में अप्रतिम योगदान देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती मना रही थी, तभी पार्टी संगठन के भीतर एक प्रतिबद्ध प्रकोष्ठ 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान' के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रम को विस्तार देने की तरफ कदम बढ़ाया गया। इस प्रयास ने सफलता का एक नया प्रतिमान गढ़ा। दुनिया भर में राजनीतिक कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का यह सबसे बड़ा कार्यक्रम बन गया। राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला व प्रखंड के स्तर पर हजारों प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

भाजपा एक कार्यकर्ता-आधारित और विचारधारा-प्रेरित राजनीतिक संगठन है। ऐसे में, पार्टी के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि समय-समय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण मिलता रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2015 का लक्ष्य सभी स्तरों पर पार्टी सदस्यों के प्रशिक्षण की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

(दाएँ)
पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. महेश चंद्र शर्मा 2015 में नई दिल्ली में महाभियान कार्यक्रम के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

(दाएँ)

वर्ष 2015 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के उद्‌घाटन सत्र के दौरान महाभियान के राष्ट्रीय समन्वयक और सह-संयोजक डॉ. आर. बालाशंकर भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव (संगठन) श्री वी. सतीश का स्वागत करते हुए।

(सामने)
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह वर्ष 2015 में दीप प्रज्ज्वलित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ करते हुए। उनके साथ हैं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी श्री पी. मुरलीधर राव।

दयाल उपाध्याय
महाभियान
ता पार्टी
12
BHARAT MATA
पं० दीन दयाल उपा

यह पूरे देश में नियमित रूप से चलने वाला विषय-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम है। मंडल, जिला, प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित दो-तीन दिनों के प्रशिक्षण सत्रों में लगभग 20 विषयों को सम्मिलित किया जाता है। सभी स्तर के प्रशिक्षुओं को भाजपा की विचारधारा समझाई जाती है और वरिष्ठ प्रशिक्षकों व प्रशिक्षुओं के बीच संवाद-सत्र का आयोजन किया जाता है, ताकि सबको इससे जोड़ा जा सके। संवाद सत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

ये प्रशिक्षण कार्यक्रम किसी चुनाव को ध्यान में रखकर नहीं आयोजित किए जाते, मगर जब भी कोई विधानसभा या स्थानीय निकाय का चुनाव नजदीक होता है तो इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की गंभीरता भिन्न हो सकती है। प्रशिक्षण के प्रारूप सभी हितधारकों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाते हैं तथा इस प्रकार इसमें लोकतांत्रिक मूल्यों को फलने-फूलने का पूरा अवसर मिलता है।

कोई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, मूल्य आधारित राजनीति, हमारी विरासत, पंचनिष्ठा (राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकीकरण, लोकतंत्र, शोषण से मुक्त एक समरस समाज के स्थापना) और सकारात्मक धर्मनिरपेक्षता (सर्व धर्म समभाव) तथा मूल्य आधारित राजनीति के प्रति प्रतिबद्धता के अभाव में पूर्ण नहीं होता। पार्टी के सैद्धांतिक दर्शन 'एकात्म मानववाद' पर जोर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा है। प्रशिक्षण में सम्मिलित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे सवाल पूछें और उनका उत्तर हासिल करें। सत्र का लक्ष्य राजनीतिक संवाद और विमर्श में योगदान करना होता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण में विभिन्न मोर्चों, विभागों और मंडलों के पार्टी पदाधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। इस विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस बात का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है कि मीडिया के साथ किस प्रकार बात करनी है और किस प्रकार विविध मीडिया मंचों के साथ अपनी बात का प्रबंधन करना है, जिनमें सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया भी सम्मिलित है'।

(दाएँ, ऊपर)
भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा, 17वीं लोकसभा में निर्वाचित सांसदों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान निर्वाचित सांसदों को संबोधित करते हुए

(दाएं)
श्री बी एल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) एक सत्र के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

(सामने वाला पृष्ठ)
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विनय सहस्रबुद्धे, महासचिव (संगठन) श्री राम लाल और पार्टी के महासचिव व प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी श्री पी. मुरलीधर राव अन्य नेताओं के साथ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान नई दिल्ली 2015 में।

निर्वाचित भाजपा प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण उन्हें जनता की बेहतर सेवा करने में मदद पहुँचाता है। हाल के वर्षों में भाजपा को जो अभूतपूर्व चुनावी सफलता प्राप्त हुई है, उसका श्रेय बड़े पैमाने पर हुए जमीनी काम, रणनीति और प्रशिक्षण को जाता है, जो पार्टी अपने लाखों कार्यकर्ताओं को प्रदान करती है। वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में राजग सरकार के गठन के बाद प्रत्येक कार्यकर्ता का उत्तरदायित्व बढ़ गया है।

पार्टी ने 12 लाख कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे इसने 2018 की शुरुआत में ही प्राप्त कर लिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के अनथक प्रयासों के कारण पार्टी ने एक नया इतिहास रचा है और इसने एक मजबूत एवं समृद्ध भारत की नींव रखी है।

भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को ऐसे भारत का निर्माण करने के लिए उचित प्रशिक्षण प्रदान करती है जो सदियों पुराने अपने सांस्कृतिक मूल्यों से कोई समझौता किए बगैर अपनी सर्वश्रेष्ठता स्थापित करने में सक्षम हो। कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण उन्हें अपने संस्कारों को उचित परिप्रेक्ष्य में धारण करने में मदद करता है। इस प्रशिक्षण का लक्ष्य है उनके भीतर भाईचारे को प्रोत्साहित करना, उनमें टीम-भावना पैदा करना और परस्पर सहयोग से कार्य करने की प्रेरणा देना, ताकि एक सशक्त और सक्षम भारत के निर्माण का पार्टी का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

एक प्रशिक्षित भाजपा कार्यकर्ता से यह अपेक्षा की जाती है कि उसमें ज्ञान हासिल करने की जिज्ञासा तो हो ही साथ ही उसमें सभी के प्रति सहिष्णुता का भाव हो एवं उसमें सामूहिकता के साथ-साथ सक्रिय रहने की भावना भी हो। प्रत्येक कार्यकर्ता को कोई न कोई काम सौंपा जाता है और उसे इस तरह से तैयार किया जाता है कि जो भी भूमिका दी जाए, उसे वह सहर्ष स्वीकार करे। कार्यकताओं को इस तरह तैयार किया जाता है कि वे व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के निर्वाह के साथ-साथ टीम में भी काम कर सकें और उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे नेतृत्व करें, साथ ही किसी के नेतृत्व के भीतर काम करने को तत्पर रहें।

एक मजबूत और सामर्थ्यवान राष्ट्र के निर्माण के लक्ष्य के साथ-साथ भाजपा अपने प्रतिबद्ध पार्टी कार्यकर्ताओं का दायरा बढ़ाने और उन्हें अधिक सशक्त बनाने को लेकर कृत-संकल्पित है, ताकि राष्ट्र-निर्माण का काम वे पूरी दृढ़ता के साथ कर सकें, चाहे उनके समक्ष कैसी भी चुनौती क्यों न खड़ी हो!

(दाएँ, ऊपर)

श्री रामलाल, तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव संगठन तथा वर्तमान अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख (रा.स्व.सं.), नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला में

(दाएँ)

केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर अन्य नेताओं के साथ।

(सामने वाला पृष्ठ)

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी श्री पी. मुरलीधर राव प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए।

EXIT

(दाएँ, ऊपर)
राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते कार्यकर्ता।

(बाएँ)
श्री राम माधव राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला में स्वागत

EXIT

(दाएँ, ऊपर)
राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला से पूर्व गटशः बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता।



EXIT

(ऊपर)
प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ध्यान से बातें सुनते कार्यकर्ता।

(बाएँ)
वर्ष 2015 में नई दिल्ली के प्रशिक्षण अभियान में भाग लेते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह, प्रतिभागियों के साथ।

(दाएँ)
विदेश राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित महिला मोर्चा प्रतिनिधियों के साथ।

प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए

12 मई, 2015 को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम की एक विशद अभिन्यास तय की गई थी। पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली में ही आयोजित हुआ, जिसमें प्रत्येक राज्य से आए आधा-आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने तीन दिनों के भीतर 11 प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया। ये सत्र थे- पार्टी का इतिहास, दर्शन और विचारधारा, सरकार की उपलब्धियाँ, एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, कार्य के प्रति सांगठनिक नजरिया, देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियाँ, राज्य स्तर पर प्रशिक्षण, प्रशिक्षण वर्ग प्रणाली और प्रशिक्षण संचालन।

तीन दिवसीय राज्य-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिन विषयों को समेटा गया, उनमें पार्टी का इतिहास और विकास (जनसंघ से भाजपा), सैद्धांतिक स्थापना, सरकार की उपलब्धियाँ, वित्तीय प्रबंधन, कार्य पद्धति और संगठन संरचना, कार्यकर्ता, एकात्म मानव दर्शन, सहयोग आंदोलन, सामाजिक सौहार्द, विदेश नीति, सुशासन, पार्टी और सरकार में समन्वय और सरकार के आगे चुनौतियाँ जैसे विषय सम्मिलित थे।

तीन दिनों के जिला-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्टी के इतिहास और विकास (जनसंघ से भाजपा) के अलावा सैद्धांतिक स्थापना, सरकार की उपलब्धियों, पार्टी की कार्य पद्धति और इसकी संगठन संरचना, कार्यकर्ता, एकात्म मानव दर्शन, कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व के विकास, मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया, राज्य से संबंधित दो मुद्दों और राष्ट्र के आगे खड़ी चुनौतियों को सम्मिलित किया गया।

मंडल-स्तर पर जिन विषयों पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया गया, उनमें भाजपा का इतिहास और विकास, सैद्धांतिक स्थापना, सरकार की उपलब्धियाँ और स्थानीय मुद्दे सम्मिलित रहे।

वर्ष 2018 में अनेक विशेष प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन हुआ, जिनमें विभिन्न मोर्चों, जैसे किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, स्थानीय और ग्रामीण निकाय मोर्चा, ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मोर्चा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा के प्रतिनिधियों को मीडिया प्रशिक्षण दिया गया। ये बैठकें प्रशिक्षण सत्र में न केवल नई चीजें सीखने के नए अवसर प्रदान करती हैं अपितु अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवों को साझा करने के मौके भी देती हैं।

(दाएँ ऊपर)
राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री एल. गणेशन

(दाएँ)
भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विनय सहस्रबुद्धे नई दिल्ली में प्रशिक्षण महाभियान के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए।

(सामने वाला पृष्ठ)
प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महत्त्वपूर्ण बिन्दु लिखते प्रतिनिधि।

नई दिल्ली में 2015 में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के समापन पर राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रतिनिधि।

EXIT

वर्ष 2014 की अभूतपूर्व चुनावी सफलता के उपरान्त आत्मसंतुष्ट होने की बजाय पार्टी अपनी कार्ययोजना में नई जान फूंकने में लगातार जुटी रही है। पार्टी अध्यक्ष श्री अमित शाह देश भर के लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं के ऊर्जा भरते रहे हैं, उन्हें प्रशिक्षण मुहैया कराने के साथ-साथ प्रोत्साहित भी करते रहे हैं। वर्ष 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम हों या 2019 का लोकसभा चुनाव हो, या फिर देश में कहीं पर भी चुनावों के नतीजे हो, वह एक मजबूत व गतिशील नेतृत्व और जमीनी स्तर पर प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम की गवाही देते हैं। ●

(ऊपर और दाएँ)
2015 में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम में दोपहर के भोजनावकाश के दौरान प्रतिनिधि।

पार्टी और सरकार

वर्ष 1980 में जनता पार्टी से अलग होने के बाद अपने गठन के समय से अब तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने काफी उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन अपनी विशिष्ट विचारधारा, कार्यकर्ता-आधारित सांगठनिक ढांचे और राजनीतिक सामंजस्य की ताकत के परिणामस्वरूप यह निरंतर प्रगति करती गई।

भाजपा के इतिहास में 1980 का वर्ष 1977 की तरह ही एक अहम मोड़ साबित हुआ। तब से अब तक पार्टी ने चुनावी राजनीति में सफलताएँ भी देखीं और विफलताएँ भी। इसने कई मील के पत्थर स्थापित किए और न केवल अपनी अखिल भारतीय उपस्थिति बनाई, बल्कि यह अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और अपने बल पर एक लोकप्रिय सरकार का गठन किया। आज, भाजपा ने अपने सांगठनिक और राजनीतिक प्रभाव को देश के कोने-कोने में स्थापित कर दिया है। लगभग देश का 60 प्रतिशत हिस्सा इसके शासन तले है। वहीं केंद्र में इसकी एक बेहद मजबूत सरकार है, जिसका नेतृत्व माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

भाजपा के विकास और इसकी सफलता का राज हैं- नेता, कार्यकर्ता और विचार परिवार। पूर्व में वाजपेयी-आडवाणी और वर्तमान में मोदी-शाह की जोड़ी ने पार्टी को सबल नेतृत्व प्रदान किया है। इसी तरह, जमीनी स्तर पर सुप्रशिक्षित और प्रतिबद्ध कार्यकर्ता पार्टी की शक्ति हैं। भाजपा की ताकत इसके विचार परिवार तथा सहयोगी दल (राजग) भी रहे हैं, जिनमें से कई तो हर परिस्थिति में शुरुआत से साथ रहे हैं।

CRISIS CONTROL
VIP MEDICAL
CCTV
DELHI POLICE
FOOD AREA
EXIT
PRESIDENT LOUNGE
SPG
TOILETS

प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए

एक समय था जब भाजपा के साथ अस्पृश्य सा व्यवहार किया जाता था तथा इसे बाहरी माना जाता था परंतु आज यह भारत के राजनीतिक जीवन के हर पहलू पर वर्चस्व स्थापित किए हुए है। यह उन स्वीकृत लक्ष्यों को प्राप्त करने के निकट है जो महान मार्गदर्शक नेता जैसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, महात्मा गाँधी तथा अन्य सर्वमान्य नेता प्राप्त करना चाहते थे और वह लक्ष्य था एक ऐसी राजनीतिक संस्कृति का निर्माण करना जिसकी जड़ें स्वतंत्र भारत में ही हों तथा एक ऐसी स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना जो भारतीय मूल्यों तथा परंपरा पर आधारित हो।

पिछले करीब पाँच वर्षों में भाजपा ने केंद्र और राज्य स्तर पर जबर्दस्त राजनीतिक शक्ति हासिल की है। वर्तमान में पार्टी देश के कई राज्यों में शासन कर रही है। अपने कार्यकर्ताओं और नेता की बदौलत इसने 2014 और 2019 के आम चुनाव में शानदार सफलता हासिल की तथा कई बड़े राज्य जैसे छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश तथा चंडीगढ़, अंडमान एंड निकोबार द्वीप समूह, दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव जैसे केंद्र शासित क्षेत्रों में भारी वोट प्राप्त किए। भाजपा को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, बिहार, कर्नाटक, पंजाब आदि में प्रभावशाली जीत मिली। भाजपा ने पूरे भारत में अपने वोटों का हिस्सा बढ़ाया है तथा अपनी उपस्थिति को कई बड़े राज्यों जैसे केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल आदि में दर्ज कराया। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी भाजपा के उम्मीदवार बड़ी संख्या में निर्वाचित हुए।

(दाएँ ऊपर)

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह भाजपा संस्थापकों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और श्री दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

(दाएँ)

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 3 अगस्त 2019 को 17वीं लोकसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुभव साझा करते हुए

(समाने वाला पृष्ठ)

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह एक सार्वजनिक बैठक में उपस्थित जनों का अभिवादन करते हुए।

वर्ष 2019 के आम चुनावों में भी भाजपा और वृहद जनादेश के साथ 303 लोकसभा सीटों के साथ जीत कर आई, राजग के साथी सदस्यों के साथ इसका आंकड़ा 353 सीटों का रहा।

मोदी-शाह टीमवर्क

9 जुलाई, 2014 को भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने नए पार्टी अध्यक्ष के तौर पर श्री अमित शाह के नाम की घोषणा की थी। उनके नेतृत्व में पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व कामयाबी हासिल की थी। शाह के पास अद्‌भुत संगठन क्षमता है और वह चुनाव अभियानों की रणनीति बनाने तथा उसके प्रबंधन के विशेषज्ञ हैं।

श्री अमित शाह ने पार्टी के सांगठनिक ढांचे में अनेक बड़ी व अनूठी परंपराएँ शुरू कीं। वह अपने चुनाव प्रबंधन कौशल और गहरी चुनावी रणनीतियों के लिए जाने जाते हैं। उनकी पहल और कोशिशों ने वर्ष 2014 के बाद पार्टी को हर जगह फायदा पहुँचाया है।

जब से श्री अमित शाह ने भाजपा अध्यक्ष का पदभार संभाला है, उन्होंने पार्टी में कई सुधार लागू किए हैं। उनका पहला कदम था सदस्यता महा अभियान (राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान), जिसने मात्र चार महीने के भीतर भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बना दिया। वर्ष 2013 में जहाँ पार्टी के 2.47 करोड़ सदस्य थे, वहीं इस अभियान के बाद भाजपा के सदस्यों की संख्या 12 करोड़ हो गई। पार्टी सदस्य बनने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए उन्होंने डिजिटल प्रक्रिया की शुरुआत कराई, जिसमें लोगों को एक टोल-फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल के जरिये सदस्यता लेने की सुविधा दी गई।

उनका दूसरा महत्त्वपूर्ण कदम महासंपर्क अभियान के जरिये पार्टी सदस्यों के संस्थापन से प्रेरित था (राष्ट्रव्यापी वृहद संपर्क कार्यक्रम)। इस अभियान में एक-एक सदस्य से संपर्क करके उनका सत्यापन किया गया और फिर औपचारिक रूप से उन सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पार्टी अध्यक्ष श्री अमित शाह ने इस अभियान की शुरुआत 1 मई,

(दाएँ ऊपर)
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर श्री अमित शाह को बधाई देते प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा श्री राजनाथ सिंह

(दाएँ)
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, श्री लालकृष्ण अडवाणी, डॉ. मुरली मनोहर जोशी तथा श्री अमित शाह 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए।

(सामने वाला पृष्ठ)
मई, 2015 को महा सम्पर्क अभियान की एक बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष श्री अमित शाह

महासम्पर्क
अभियान
2015
भारतीय जनता पार्टी
महासम्पर्क
अभियान
2015

2015 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में की थी। कार्यकर्ता नए सदस्यों से मिलने उनके दरवाजे तक गए और उन्हें पार्टी के इतिहास, विकास और साथ ही सरकार के बारे में जानकारियाँ दीं।

तीसरा सबसे बड़ा कदम था, मंडल स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के 12 लाख कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की शुरुआत। यह प्रशिक्षण विचारधारा, नीति, आचरण और अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पार्टी द्वारा स्वीकृत रणनीतियों के बारे में था। इस कार्यक्रम द्वारा समाज के सभी वर्गों से संपर्क साधा गया। इसका प्रारूप व इसकी कार्य-प्रणाली को केंद्रीय रूप से डिजाइन किया गया था और इसे अचूक तरीके से अंजाम दिया गया।

चौथी अनोखी पहल जिला स्तर के पार्टी कार्यालय परिसरों को भी हाई-टेक, आधुनिक प्रौद्योगिकी, संदर्भ-लाइब्रेरी, उचित कनेक्टिविटी और ठहरने की सुविधा आदि से सुसज्जित करने की है। चूंकि अमित शाह कांग्रेस मुक्त भारत के विचार को साकार करने की दिशा में प्रयासरत हैं, वह यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनकी पार्टी देश में भारत की सांस्कृतिक भावना को पुनर्जीवित करते हुए सर्वश्रेष्ठ राजनीतिक संस्था के रूप में उभरे।

(ऊपर)
6, ए दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली के नवनिर्मित भाजपा मुख्यालय में संचालित हो रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम।

(सामने वाला पृष्ठ, दाएँ, ऊपर)
नई दिल्ली के नवनिर्मित भाजपा मुख्यालय में एक अच्छी पुस्तकालय सुविधा भी शामिल की गई है। इस मुख्यालय के सक्षम ई-पुस्तकालय का भी लाभ उठाया जा सकता है।

(एकदम दाएँ)
प्रशिक्षण महाभियान की टीम देश भर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मदद उपलब्ध कराती है -एक झलक।

पार्टी ने जो कुछ अद्‌भुत कदम उठाए हैं, उनमें से एक कदम है चुनाव के दिन जमीनी स्तर पर आखिरी व्यक्ति तक पहुँचना। पन्ना प्रमुखों (मतदाता सूची के एक पन्ने का इंचार्ज, जिसमें अमूमन 60 वोटरों के नाम होते हैं) को यह जिम्मेदारी दी गई कि वे चुनाव के दौरान अपने-अपने पन्ने में सम्मिलित प्रत्येक मतदाता से मिलें और यह सुनिश्चित करें कि वे सभी वोटर वोट डालने के लिए मतदान केंद्र तक पहुँचें। पन्ना प्रमुखों और आम मतदाताओं के बीच का यह परस्पर संबंध देश में लोकतंत्र की जड़ों के गहरे होने का मार्ग प्रशस्त करता है।

उन प्रदेशों पर खास ध्यान दिया गया, जहाँ भाजपा एक सशक्त ताकत बनने के लिए संघर्ष कर रही है। जैसे आंध्र प्रदेश, केरल, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्य।

भारतीय जनता पार्टी भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनकर उभरी है, जिसके सदस्यों की संख्या दुनिया भर में सबसे अधिक है। पार्टी मई 2014 से केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और देश के कई राज्यों में सरकार का संचालन कर रही है।

मई 2019 में 17वीं लोकसभा के हुए आम चुनावों में भाजपा सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ लौटी, इसका प्रतिशत बढ़ा और इसे अभूतपूर्व जनादेश प्राप्त हुआ। भाजपा ने स्वयं 303 सीटें तथा पूरे राजग ने 353 सीटें जीतीं।

पिछले तीन दशकों में पहली बार पार्टी ने न मात्र देश के राजनीतिक क्षितिज के केंद्रीय स्थान को हासिल किया, बल्कि पूरे देश में इसने अपने सांगठनिक और राजनीतिक आधार को भी विस्तार दिया है। स्पष्ट है कि लोगों का विश्वास जितना बड़ा होगा, पार्टी और उसके प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी भी उतनी ही विशाल होगी।

(दाएँ ऊपर)
भाजपा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण विभाग के सदस्य श्री हेमंत गोस्वामी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए, भाजपा अध्यक्ष श्री अमित शाह ने बुकलेट का लोकार्पण किया।
(दाएँ)
भाजपा मुख्यालय में प्रशिक्षण मार्गदर्शक पुस्तिका के लोकार्पण कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी।
(सामने वाला पृष्ठ)
भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) श्री वी. सतीश, पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. महेश चंद्र शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह, प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री पी. मुरलीधर राव, प्रशिक्षण विभाग के सह-संयोजक श्री सुनील पांडे और प्रशिक्षण महाभियान के राष्ट्रीय समन्वयक तथा सह संयोजक डॉ. आर. बालाशंकर, प्रशिक्षण प्रारूप पुस्तिकाओं का लोकार्पण करते हुए।

माननीय श्री अमित शाह
राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा द्वारा
दिनांक:-13 जून 2018
स्थान:- भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय,
6 A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली
किसान मोर्चा

(ऊपर)
पार्टी के पदाधिकारी, भाजपा के मुख्यालय में प्रशिक्षण पुस्तिका के लोकार्पण पर

(दाएँ)
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पुस्तिका के लोकार्पण समारोह के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए

(सामने)
भाजपा के विभिन्न मोर्चों तथा प्रकल्पों के विभिन्न खण्डों के प्रशिक्षण प्रारूप के मुखपृष्ठ

प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए























चुनावी सफलता का सफर

21 अक्टूबर, 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई थी और देश के पहले आम चुनाव की तैयारी के लिए पार्टी को बिल्कुल भी वद्र नहीं मिल पाया। आयताकार केसरिया झंडे पर अंकित एक दीपक इसका चुनाव-चिह्न था। पहले आम चुनाव में जनसंघ को 3.6 प्रतिशत मत मिले और इसके तीन सांसद लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए, जिनमें डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मिलित थे। भारतीय जनसंघ ने नेशनल डेमाक्रेटिक फ्रंट बनाने के लिए साथी दलों से हाथ मिलाया और डॉ. मुखर्जी लोकसभा में विपक्ष के पहले अनौपचारिक नेता बने।

29 से 31 दिसंबर, 1952 को कानपुर में संपन्न भारतीय जनसंघ के प्रथम सम्मेलन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्टी के पहले महासचिव चुने गए और पार्टी ने अपना पहला वैचारिक प्रस्ताव पारित किया था- 'भौगोलिक-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अभिव्यक्त करता 'सांस्कृतिक पुनर्जागरण।''

वर्ष 1957 के आम चुनाव में जनसंघ को चार सीटों पर जीत मिली और उसके वोटों का प्रतिशत लगभग दोगुना 5.93 प्रतिशत हो गया। वर्ष 1962 के लोकसभा चुनाव में जनसंघ के 14 सांसद चुने गए और उसका वोट प्रतिशत बढ़कर 6.44 हो गया। वर्ष 1967 के चौथे आम चुनाव में पार्टी के 35 सांसद चुनकर आए और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद जनसंघ लोकसभा में दूसरा सबसे बड़ा दल बना। मार्च, 1967 में बिहार में पहली गैर-कांग्रेसी सरकार गठित हुई और जनसंघ उस गठबंधन सरकार में साझीदार बना जिसका नाम था संयुक्त विधायक दल। उसके बाद पार्टी पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में भी गठबंधन सरकारों (संयुक्त विधायक दल) में सम्मिलित हुई।

अपने गठन के बाद पहली बार वर्ष 1971 के आम चुनाव में जनसंघ की सीटों में गिरावट हुई। उस चुनाव में इसके सदस्यों की संख्या लोकसभा में 35 से 21 हो गई। 25 जून, 1975 की आधी रात को देश में आपातकाल की घोषणा हुई, जिसके अंतर्गत नागरिकों की स्वतंत्रता पर कई तरह के प्रतिबन्ध लगा दिए गए। राजनीतिक पार्टियों और राष्ट्रीय



(दाएँ ऊपर)
विवेकानंद रॉक मेमोरियल के संस्थापक श्री एकनाथ राणाडे, भारतीय जनसंघ के महासचिव पंडित दीनदयाल उपाध्याय, साप्ताहिक ऑर्गेनाइजर के संपादक श्री के.आर. मल्कानी और जनसंघ नेता अटल बिहारी वाजपेयी की एक दुर्लभ तस्वीर।

(दाएँ)
भाजपा के दिग्गज नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी और श्री अटल बिहारी वाजपेयी।

(ऊपर)
श्री भाई महावीर, श्री परमेश्वरन्, श्री भैरों सिंह शेखावत, श्री लालकृष्ण आडवाणी, श्री जगन्नाथराव जोशी, श्रीमती विजया राजे सिंधिया, श्री बच्छराज व्यास, श्री अटल बिहारी वाजपेयी वर्ष १९७३-७४ के दौरान राष्ट्रीय सम्मलेन में पहली पंक्ति में पार्टी के अन्य नेताओं के साथ राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम्' गाते हुए।

(ऊपर)
अक्टूबर 1999 में शपथ ग्रहण समारोह के बाद राष्ट्रपति के.आर. नारायणन, उप-राष्ट्रपति कृष्णकांत, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी और मानव संसाधन विकास मंत्री मुरली मनोहर जोशी मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगियों के साथ।

रामजन्म भूमि आन्दोलन की विराट जनसभा में श्री अटल बिहारी वाजपेयी

स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के हजारों नेता निर्मम मीसा (मेंटेनेन्स ऑफ इंटरनल सिक्युरिटी ऐक्ट) के प्रावधानों के अंतर्गत जेलों में डाल दिए गए थे या फिर उन्हें भूमिगत होने को विवश होना पड़ा। आरएसएस पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। जनसंघ कार्यकर्ताओं और आरएसएस स्वयंसेवकों के नेतृत्व में देश भर में भूमिगत आंदोलनों ने जोर पकड़ा।

बाबू जयप्रकाश नारायण ने श्री नानाजी देशमुख को लोक संघर्ष समिति के उत्तरदायित्व सौंप दिए। पूरे देश में वृहद स्तर पर आन्दोलन हुए और कई लोगों को कारागार में बंद किया गया। जनसंघ के कार्यकर्ता तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक इस आन्दोलन में सबसे आगे थे। उसके उपरान्त वर्ष 1977 में आम चुनाव हुए. यह भारत में एक मौन क्रान्ति थी। 23 मार्च 1977 में हुए चुनावों ने आपातकाल का अंत किया। जनसंघ का विलय जनता पार्टी के साथ हुआ। जनसंघ के तीन नेता सरकार में सम्मिलित हुए।



(ऊपर)

साल 2000 में झिंझोली के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री सिकंदर बख्त व अन्य नेता।

(सामने वाला पृष्ठ)

वरिष्ठ भाजपा नेता श्री वेद प्रकाश गोयल, श्री सत्य पाल जैन, श्री लालकृष्ण आडवाणी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी और अन्य नेता साल 2000 में झिंझोली के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

जनसंघ के नेताओं के साथ वैचारिक मतभेदों के कारण जनसंघ ने जनता पार्टी को छोड़ दिया तथा 6 अप्रैल 1980 को पंचनिष्ठा (पाँच प्रतिबद्धताएँ) के आधार पर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया।

वर्ष 1984 में अपने गठन के उपरान्त हुए प्रथम आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को केवल दो सीटों पर विजय मिली। 1989 के चुनाव में भाजपा ने 86 सीटें जीतीं और लालकृष्ण आडवाणी पहली बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। 1991 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सरकार बनाने का जनादेश मिला, लेकिन भाजपा का आंकड़ा भी 86 से बढ़कर 119 हो गया।

वर्ष 1996, 1998 और 1999 में हुए तीन लोकसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और अटल बिहारी वाजपेयी पहले 13 दिनों के लिए, फिर 13 महीनों के लिए और फिर साढ़े चार वर्षों के लिए प्रधानमंत्री बने। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मई 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में जो सरकार बनाई थी, वह एक साल के भीतर गिर गई, लेकिन 1999 के आम चुनाव में भाजपा को फिर से जनादेश मिला और क्षेत्रीय दलों के सहयोग से वह सत्ता में आई। वाजपेयी नवंबर 2004 में लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री रहे। वह आम चुनाव तय समय से छह महीने पहले ही हुआ था। राजग यानी राजग सत्ता से बाहर हो गया और कांग्रेस सत्ता में आई। लेकिन अगले 10 वर्षों तक भाजपा ने सक्रिय और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाई।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व विजय हासिल करते हुए भाजपा के नेतृत्व में राजग ने 336 सीटें जीतीं, जिनमें से भाजपा ने अकेले 282 सीटें हासिल की थीं। राजग पहला ऐसा गठबंधन बना, जिसे इतनी ज्यादा सीटें मिलीं और स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहला ऐसा अवसर था जब पहली बार किसी गैर-कांग्रेसी पार्टी को अपने बूते पर बहुमत मिला था।

भाजपा ने उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत में जबर्दस्त जीत हासिल की और सबका सफाया कर दिया। पार्टी ने उन प्रांतों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें वह पारंपरिक रूप से कमजोर थी। उत्तर प्रदेश से लोकसभा की 80 सीटें हैं, राजग ने इनमें से 73 सीटें जीतीं। 26 मई 2014 को श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' के दृष्टिकोण के साथ केंद्र में सरकार बनाई।

(दाएँ)
26 मई, 2014 को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में श्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाते राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी।

26 मई, 2014 को राष्ट्रपति भवन के खुले प्रांगण में नरेंद्र मोदी ने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और उम्मीद व भरोसे के एक नए युग का आरंभ हुआ। मोदी के सक्षम नेतृत्व में देश विकासोन्मुख नीतियों और कार्यक्रमों, नई कार्य-संस्कृति और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की तरफ बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी निर्धनता उन्मूलन दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रहे हैं, वह युवाओं को नए नए अभियानों के माध्यम से प्रेरित कर रहे हैं, जिससे वह न केवल नौकरी का सृजन कर रहे हैं अपितु उद्यमिता को भी बढ़ावा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी विदेश नीति को नई दिशा दी है और यह सुनिश्चित किया है कि भारत की उपस्थिति और शक्ति को पूरे विश्व में महसूस किया जाए तथा साथ ही भारत की आतंरिक सुरक्षा किसी भी प्रकार से बाधित न हो। पिछले पाँच वर्षों में सभी बाहरी चुनौतियों को कड़े कदमों और दमनात्मक बल के साथ नष्ट किया है।

अपने विदेश दौरों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की एक नई छवि पेश की और पूरी दुनिया का ध्यान भारत की तरफ खींचने में भी वह जबर्दस्त रूप से सफल हुए हैं। 12 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री के प्रस्ताव को तीन महीने के भीतर ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे स्वीकार कर लिया। यह स्वस्थ रहने की प्राचीन भारतीय परंपरा के प्रति वैश्विक आकर्षण का एक अनूठा उदाहरण है।

वर्ष 2019 के आम चुनावों में एक बार फिर भाजपा वृहद जनादेश के साथ 303 लोकसभा सीटों के साथ जीत कर आई, राजग के साथी सदस्यों के साथ इसका आंकड़ा 353 सीटों का रहा। ●

(दाएँ)

15 अगस्त, 2014 को 68वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर पर तिरंगा फहराते प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी।

(सामने वाला पृष्ठ)

15 अगस्त, 2014 को 68वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी।

B.J.P.
भा.ज.पा.

प्रशिक्षण

राज्यों में

प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने बार-बार सत्ता के विकेंद्रीकरण और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने की बात कही है। देश के कोने-कोने के लोगों की आवश्यकताओं का ख्याल रखने के लिए पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक तैनात करती रही है और एक नियमित अंतराल पर पार्टी के मूल्यों व विचारधाराओं के बारे में वह अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करती रहती है, ताकि वे सच्ची भावना के साथ जनसेवा कर सकें।

भाजपा कार्यकर्ता चाहे जो भी भाषा बोलते हों, जैसा भी उनका खान-पान हो, लेकिन वे पूरे देश में मात्र एक उद्देश्य से काम में जुटे हैं और वह है-राष्ट्र निर्माण।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत कुल 14,96,160 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण हासिल किया। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम मंडल, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए गए। 137 जिला-स्तरीय कार्यशालाओं में 19,136 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इसी तरह, 656 वर्ग-स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 184,373 कार्यकर्ता सम्मिलित हुए, जबकि 9,309 मंडल वर्ग में 12,12,704 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और 18 राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में 3,700 कार्यकर्ता आए। विभिन्न मोर्चों, विभागों और परियोजनाओं के लिए भी अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम अखिल भारतीय, राजकीय और जिले स्तर पर आयोजित किए गए।

श्री राम बिलास शर्मा, हरियाणा के शिक्षा मंत्री हरियाणा राज्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिनिधियों के साथ

आंध्र प्रदेश

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने बार बार सत्ता के विकेन्द्रीकरण तथा जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संरचना को मजबूत करने की बात को दोहराया है तथा जोर दिया है। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन कानून 2014 के परिणामस्वरूप नए आंध्र प्रदेश का गठन 2 जून, 2014 को हुआ। इस कानून ने पुराने आंध्र प्रदेश को विभाजित करके तेलंगाना और शेष आंध्र प्रदेश को नया जन्म दिया। नया आंध्र क्षेत्रफल के लिहाज से देश का आठवां सबसे बड़ा प्रांत है, जबकि जनसंख्या के नजरिये से दसवां। आंध्र प्रदेश के बहुसंख्यकों की और राज्य की आधिकारिक भाषा तेलुगू है। यहाँ की 974 किलोमीटर सीमा समुद्र तटीय है। देश के सभी राज्यों में यह गुजरात के बाद दूसरा सबसे ज्यादा तटवर्ती सीमा वाला प्रांत है। तिरुपति स्थित इसके तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर की गिनती दुनिया के सर्वाधिक दर्शनार्थियों वाले धर्मस्थलों में होती है और यह दूसरा सबसे धनाढ्य मंदिर है। यहाँ हर साल 1.83 करोड़ दर्शनार्थी आते हैं।

भाजपा की राज्य इकाई ने प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मंडल, जिला और राज्य स्तर पर 230 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 26,000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



राजधानी: अमरावती
जनसंख्या: 4.97 करोड़ (2011 की जनगणना के अनुसार)
क्षेत्रफल: 1,62,970 वर्ग किलोमीटर
भाजपा जिला प्रशिक्षण: 17
भाजपा मंडल प्रशिक्षण: 658

(ऊपर)
वर्ष 2016 में आँध्रप्रदेश, गुंटूर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित
(सामने वाला पृष्ठ)
गुंटूर में दीपप्रज्ज्वलन के उपरांत कार्यक्रम का शुभारम्भ

BJP
2016

ऊपर और दाएँ
पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में जुटे भाजपा नेता और प्रशिक्षु।

భారతీయ జనతాపార్టీ - అనంతపురం జిల్లా

अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश देश के धुर पूर्वोत्तर में स्थित एक पवर्तीय प्रांत है, जिसकी सीमाएँ भूटान, चीन के स्वायत्त क्षेत्र तिब्बत और म्यांमार से लगती हैं। अरुणाचल का अर्थ है 'उगते सूर्य की धरती'। महाभारत और कालिका पुराण जैसे प्राचीन हिंदू साहित्य में इसका उल्लेख मिलता है।

भाजपा शासित इस प्रदेश में पार्टी ने मंडल, जिला और राज्य स्तरीय 65 प्रशिक्षण शिविरों में 1,500 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।



राजधानी: इटानगर
जनसंख्या: 13.82 लाख (2011 की जनगणना के अनुसार)
क्षेत्रफल: 83,743 वर्ग किलोमीटर
कुल विधानसभा सीटें: 60 (41)
कुल लोकसभा सीटें: 2 (2)
भाजपा जिला प्रशिक्षण: 21
भाजपा मंडल प्रशिक्षण: 60

(शीर्ष)
राष्ट्रगान गाते हुए प्रतिनिधि
(ऊपर)
प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान गंभीरता से मनन करते प्रतिनिधि
(सामने वाला पृष्ठ)
प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करने से पूर्व पूर्वोत्तर के संगठन मंत्री, श्री अजय जम्वाल, श्री पी. मुरलीधर राव, डॉ. महेश चंद्र शर्मा और श्री डुंगली लीबांग, राज्य सह-संयोजक प्रशिक्षण कार्यक्रम, पार्टी संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए

(ऊपर)

श्री महेश चन्द्र शर्मा, राष्ट्रीय समन्वयक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री पी. मुरलीधर राव (दाएँ से तीसरे बैठे हुए) श्री तापिर गाओ, अरुणाचल प्रदेश के राज्य अध्यक्ष, राज्य के नेताओं के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में।

(दाएँ)

पारंपरिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते नेता।

(सामने वाला पृष्ठ)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते अरुणाचल प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता।

L PRADESH
YAY BIRTH CENTENARY
HAN SHIVIR
illors
पंडित दीनदयाल उपाध्याय
1916
2016
जन्म शताब्दी वर्ष
लक्ष्य अंत्योदय
प्रण अंत्यो
पथ

असम

पूर्वी हिमालय के पूर्वोत्तर में स्थित असम ब्रह्मपुत्र और बराक नदी घाटियों वाला राज्य है। इसकी सीमाएँ भूटान और बांग्लादेश से लगी हुई हैं। चाय और रेशम उत्पादन के लिए प्रसिद्ध असम की अर्थव्यवस्था वन्य-जीव पर्यटन से भी फलती-फूलती रही है। इसका काजीरंगा नेशनल पार्क और मानस नेशनल पार्क तो विश्व धरोहरों में सम्मिलित हैं। भारत के अन्य इलाकों के मुकाबले कहीं अधिक वर्षा असम में होती है।

असम में लगभग 208 प्रशिक्षण शिविर लगाए गए, जिनमें 32,000 कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, नीतियों और इसके उद्देश्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

राजधानी: दिसपुर
जनसंख्या: 3.12 करोड़ (2011 की जनगणना के अनुसार)
क्षेत्रफल: 78,438 वर्ग किलोमीटर
कुल विधानसभा सीटें: 126 (61)
कुल लोकसभा सीटें: 14 (9)
भाजपा जिला प्रशिक्षण: 38
भाजपा मंडल प्रशिक्षण: 303

असम के मुख्यमंत्री, श्री सर्बानंद सोनोवाल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह, श्री पी. मुरलीधर राव, श्री रमन डेका (एमपी), पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2016 द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन समारोह में

(ऊपर)
श्री रंजित कुमार दास, असम राज्य के अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में ।

(दाएँ)
राज्य स्तर प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधि

भारतीय जनता पार्टी, असम प्रदेश
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय
सशक्त भाजपा सशक्त भारत

बिहार

बिहार क्षेत्रफल के आधार पर देश का 13वां सबसे बड़ा राज्य है, जबकि जनसँख्या के लिहाज से यह देश का तीसरा बड़ा प्रदेश है। बिहार तीन क्षेत्रों- मगध, मिथिला और भोजपुर का संगम-स्थल है। 15 नवंबर, 2000 को दक्षिणी बिहार को इससे अलग करके झारखंड राज्य का गठन किया गया। प्राचीन काल में इस क्षेत्र को मगध के नाम से जाना जाता था, जो सत्ता, ज्ञान और संस्कृति का केंद्र हुआ करता था। मगध से ही भारत का पहला साम्राज्य मगध साम्राज्य और दुनिया भर में अपनाया गया बौद्ध धर्म उभरा था।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत बिहार में प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित 800 प्रशिक्षण शिविरों में भाजपा ने 1,20,000 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

राजधानी: पटना
जनसंख्या: 10.38 करोड़ (2011 की जनगणना के अनुसार)
क्षेत्रफल: 94,163 वर्ग किलोमीटर
कुल विधानसभा सीटें: 243 (54)
कुल लोकसभा सीटें: 40 (17)
भाजपा जिला प्रशिक्षण: 43
भाजपा मंडल प्रशिक्षण: 1,043

प्रशिक्षण सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता। बिहार के प्रशिक्षण सत्र में भाग लेते कार्यकर्ताओं की तस्वीर।

14-17 दिसम्बर 2017
पंडित दीनदयाल उपाध्याय
प्रशिक्षण महाभियान
भाजपा
बिहार प्रदेश

(बाएँ)
प्रखंड स्तर के क्षेत्रीय प्रभारी प्रशिक्षण सत्र की तैयारी करते हुए।

(नीचे)
राज्य स्तरीय कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर के कार्यों का प्रशिक्षण देते हुए।

(सामने वाला पृष्ठ)
बिहार में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तस्वीर।

अंत्योदय के पथ पर
संकल्प से
जनवरी 2018
बिहार

छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल के लिहाज से देश का 10वां बड़ा राज्य है, जबकि जनसँख्या के आधार पर 17वें स्थान पर है। यह प्राकृतिक संसाधन से समृद्ध प्रदेश है। छत्तीसगढ़ स्टील और अल्मुनियम के उच्च स्तरीय उत्पादन के बारे में भी जाना जाता है। देश के कुल सीमेंट उत्पादन में अकेले छत्तीसगढ़ की भागीदारी 20 प्रतिशत की है। इसमें देश का दूसरा सबसे बड़ा कोयला भंडार है, जिसमें देश में सबसे ज्यादा कोयला निकाला जाता है और यह लौह अयस्क के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर तथा टिन उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।

1 नवंबर, 2000 को मध्य प्रदेश का विभाजन करके छत्तीसगढ़ का गठन हुआ था।

पार्टी ने इस प्रदेश में साल 2015 से 325 प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए। मंडल, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित इन शिविरों में 50,000 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण हासिल किया।

राजधानी: रायपुर
जनसंख्या: 2.55 करोड़ (2011 की जनगणना के अनुसार)
क्षेत्रफल: 1,35,191 वर्ग किलोमीटर
कुल विधानसभा सीटें: 90 (14)
कुल लोकसभा सीटें: 11 (9)
भाजपा जिला प्रशिक्षण: 29
भाजपा मंडल प्रशिक्षण: 300

(ऊपर)
छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता, दीप प्रज्जवलित कर रायपुर में एक प्रशिक्षण सत्र तथा प्रशिक्षु अंर्तवर्गीय सत्र का का शुभारंभ करते हुए।

(नीचे)
एक कार्यशाला के दौरान श्री सौदान सिंह संयुक्त महा सचिव, (संगठन) उपस्थित प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए

(सामने वाला पृष्ठ)
रायपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते पूर्व मुख्यमंत्री श्री रमन सिंह, श्री मुरलीधर राव और अन्य नेता।

भारतीय जनता पार्टी
पं.दीनदयाल उपाध्याय
प्रशिक्षण महाभियान
प्रदेश कार्यशाला
पारंपरिक रूप से कृषि आधारित अर्थव्यवस्था होने के कारण देश की दो-तिहाई जनसंख्या आज भी अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर है। विनिर्माण उद्योग की आय का पचास प्रतिशत कृषि आधारित उद्योगों से प्राप्त होता है। इसीलिए जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार सत्ता में आई, तो उसने भारतीय कृषि की दशा बदलने के लिए पाँच मुद्दों पर ध्यान दिया था-आसान ऋण, पारदर्शी और कुशल बाजार, वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग, कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना तथा किसानों की जीवन स्थिति सुधारना। मोदी सरकार ने इन कल्याणकारी कार्यक्रमों पर और जोरदार ढंग से काम किया है और वह समेकित कृषि, जियो मैपिंग कृषि तथा सोलर ड्रायर तकनीक के जरिये 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य पर काम कर रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं का, जो कि ग्रामीण इलाकों में किसानों के साथ काम कर रहे हैं, प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर एवं मंडलों में आयोजित किया गया।

(दाएँ, ऊपर)
किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह मस्त दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन करते हुए। उनके साथ हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री सुभाष बराला, श्री ओ.पी. दिनकर, भाजपा की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती सुधा यादव भी दिख रही हैं।

(दाएँ)
श्री भूपेन्द्र यादव, राष्ट्रीय महासचिव, किसान मोर्चा के एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधन करते हुए

(सामने वाला पृष्ठ)
राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए किसान मोर्चा की तैयारी।

(ऊपर)
श्री शिव प्रकाश सह (संगठन) महामंत्री भाजपा का अभिवादन करते हुए किसान मोर्चा के नेता

(दाएँ ओर ऊपर और नीचे)
किसान मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर में देश के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

(सामने वाला पृष्ठ)
केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह और पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी व भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री पी. मुरलीधर राव किसान मोर्चा की बैठक में भाग लेते हुए।

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभिय
किसान मोर्चा प्रशिक्षण कार्यक्रम 2017
दिनांक : 12 अक्टूबर 2017, स्थानः 11 अशोक रोड, नई दिल्ली

शहरी स्थानीय निकाय

गाँवों से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का उद्देश्य बुनियादी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना और राजनीतिक कार्यकर्ता तैयार करना है, जो लोगों की इच्छाओं को पूरा कर उन्हें संतुष्ट कर सके। यह क्षमता निर्माण तथा अगले स्तर के नेतृत्व तैयार करने के लिए भी उतना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है। इसके महत्त्व को समझते हुए भाजपा के प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसने 2015 से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत गति पकड़ी, समुदाय के हर व्यक्ति को सम्मिलित किया गया। दूसरे चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय शहरी निकायों के राजनीतिक कार्यकर्ताओं तथा भाजपा के निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के विशेष प्रशिक्षण पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों में कौशल विकास पर जोर देना तथा उनमें लोगों के लिए काम करने का उत्साह और जोश पैदा करना है। इसकी विषय-सूची में वैधानिक प्रावधान, निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के अधिकार व कर्तव्य और कुशल प्रशासन व कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए शहरी निकायों तथा केंद्र व राज्य सरकारों के बीच समन्वय को भी सम्मिलित किया गया है।

(दाएँ और सामने वाला पृष्ठ)
शहरी स्थानीय निकायों की नई दिल्ली में आयोजित तैयारी बैठक की तस्वीरें।

Pt. Deendayal Upadhyay Prashikshan Mahabhiyan
Phase-II
BJP Urban Local Bodies Members Training Program 2017
Venue: Ashoka Road
w Delhi
BLOOMS

पंचायत मोर्चा

जिस देश की 70 प्रतिशत से अधिक जनता गाँवों में रहती है, ऐसे में किसी भी देश के लिए एक कल्याणकारी देश बनना तब तक संभव नहीं है जब तक सुदूर तथा कम जनसंख्या वाले क्षेत्रों के विकास को गति नहीं मिलेगी। पंचायतें, जो कि दुनिया में किसी भी ज्ञात लोकतांत्रिक संस्था से पुरानी तथा भारत समेत दक्षिण एशियाई देशों में स्थानीय शासन की प्राचीन प्रणालियाँ हैं, हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के माध्यम हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के दूसरे चरण में पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण मुख्य केन्द्रीय बिन्दुओं में से एक था। प्रशिक्षण सत्र में जिन मुख्य विषयों पर जोर दिया गया, उनमें जवाबदेह प्रशासन की कुंजी, ग्राम पंचायतों में नौजवानों तथा महिलाओं की भूमिका, पंचायतों के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रांतीय व केंद्रीय योजनाएँ और वित्तीय समावेशन सम्मिलित हैं।

(दाएँ और सामने वाला पृष्ठ)
ग्रामीण स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय शिविर में राष्ट्रीय संयोजक डॉ. महेश चंद्र शर्मा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी व भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री पी. मुरलीधर राव प्रशिक्षण विभाग के अन्य सदस्यों के साथ एक बैठक में भाग लेते हुए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
1916
2016
जन्म शताब्दी वर्ष
Pt. Deendayal Upadhaya Parshikshan Mahabhiyan
Phase II
BJP Local Bodies Representatives Traning Programe 2017
Date: 9th M 17 - Venue: 11 Asho ad, New Delhi
BLOOMS

ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मोर्चा

अन्य पिछड़ी जातियों के लोगों की बेहतरी के लिए काम करने की आवश्यकता महसूस करते हुए अपनी पहुँच बढ़ाने तथा समाज के हर समूह तक विकास के काम को ले जाने के लिए भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले 2015 में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मोर्चा बनाया। पार्टी अध्यक्ष श्री अमित शाह समेत शीर्ष पार्टी नेता देश के विभिन्न राज्यों का दौरा लगातार करते रहते हैं। अन्य पिछड़ी जातियों के लोगों से संपर्क रखना, उनकी समस्याओं को समझना, उनका समाधान करना और निरंतर अन्य पिछड़ी जाति वर्ग की बेहतरी के ऐसे समावेशी समाधान खोजना – जो सबको मान्य हों, भाजपा के नेतृत्व का निरंतर प्रयास रहता है। अन्य पिछड़ा वर्ग के साथियों के समग्र विकास के लिए भाजपा कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के साथियों की समस्याओं के समाधान हेतु और उन्हें और शक्ति प्रदान करने के लिए ओ.बी. सी. मोर्चा के लिए प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार की गयी।

(दाएँ)
ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मोर्चा और केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग के प्रतिनिधि अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लिए प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करते हुए तैयारी की बैठक में।

महाभियान
ता पार्टी
बैठक
दिल्ली

युवा मोर्चा

आज भारतीय युवा जीवन के हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के झंडे गाड़ रहे हैं। ऐसे में, यह भविष्यवाणी करना गलत नहीं होगा कि आज के भारतीय युवा देश को गौरवान्वित करने के साथ-साथ भविष्य में वैश्विक नेता भी बनेंगे। इस नजरिये के साथ पार्टी अपने ऊर्जावान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की मदद से युवाओं में अपना जनाधार बढ़ा रही है। युवा मोर्चा द्वारा योग क्रांति, कौशल क्रांति, निर्माण क्रांति, कन्या शक्ति क्रांति और स्वच्छता क्रांति जैसे पंच क्रांति अभियान का पूरे देश में आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा, नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों के प्रचार के लिए सैकड़ों बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इनके जरिये देश में चल रहे सामाजिक, आर्थिक कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में युवा मोर्चा की पहली बैठक हुई, जिसमें देश भर से आए 12,000 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उसके बाद शिमला, गुजरात, चंडीगढ़, जोधपुर तथा मुंबई समेत देश के दूसरे इलाकों में ऐसी ही बैठकें हुईं।

(दाएँ और सामने वाला पृष्ठ)
युवा मोर्चा के नौजवान नेता और प्रशिक्षण विभाग के सदस्य आने वाले प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रशिक्षण मापदंडों को लेकर विचार-विमर्श करते हुए।

BLOOMS

बुनकर एवं दस्तकारी प्रकोष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम

आंध्र प्रदेश की कलमकारी से लेकर उत्तर प्रदेश की चिकनकारी तक हमारे देश के प्रत्येक राज्य में ग्रामीण कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक अनूठे हस्त-शिल्प उत्पाद तैयार किए जाते हैं। भारत के पास 5,000 सालों से भी अधिक पुरानी बुनकर परंपरा का इतिहास है और आज भी दुनिया भर में हाथ से बुने कपड़ों में 90 फीसदी से भी अधिक भारत में बनते हैं। पावर लूम की आमद ने सस्ते उत्पादों को सुगम बना दिया और हाथ से बने कपड़ों का बाजार पिछड़ता चला गया। देश के इस दम तोड़ते कला रूप को नया जीवन देने के लिए भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान बुनकर प्रकोष्ठ के सदस्यों के प्रशिक्षण के बिना अधूरा रह जाता। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों की प्रशिक्षण के अलावा एक बार फिर उनकी जिम्मेदारियों का स्मरण कराया गया कि उन्हें दस्तकारों की मदद करनी है और समाप्त हो रही बुनाई तकनीक को नई मजबूती देनी है, उसे ऊपर उठाना है।

(दाएँ और सामने वाला पृष्ठ)
बुनकरों और दस्तकारों के प्रतिनिधि राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण शिविर के लिए चिंतन बैठक करते हुए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
1916
2016
जन्म शताब्दी वर्ष
प. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान
बुनकर
BLOOMS

अनुसूचित जाति मोर्चा

सदियों पहले पारिवारिक व्यवसाय के आधार पर भारतीय वर्ण-व्यवस्था तय हुई थी, जो समय के साथ-साथ एक गलत सामाजिक परंपराओं में बदल गई। इसलिए लोगों की बेहतरी के लिए शुरू किया गया हरेक कल्याणकारी कार्यक्रम अनुसूचित जातियों को ध्यान में रखकर बनाया गया। अनुसूचित जातियों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से पार्टी ने अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चे का गठन किया। दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी और अनुसूचित जाति सम्मेलनों के आयोजनों के अलावा पार्टी हर साल दिल्ली व राज्यों की राजधानियों में डॉ. बी.आर. आंबेडकर की जयंती भी मनाती है, जिन्हें अनुसूचित जातियों का मसीहा और भारतीय संविधान का जनक माना जाता है। 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर इस मोर्चे ने कई तरह के कार्यक्रम किए। इनमें देश भर के सांसदों, विधायकों, राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रशिक्षण विभाग ने अनुसूचित जाति मोर्चा के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जो देश भर के अनुसूचित जाति वर्ग के भाई-बहनों को और सशक्त करने में सहायता करे और सब को साथ लेकर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करे।

(दाएँ और सामने वाला पृष्ठ)
अनुसूचित जाति मोर्चा की तैयारी बैठक में भाग लेते प्रतिनिधि।

पं. दीनदयाल उपाध्याय
1916
2016
जन्म शताब्दी वर्ष
प. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान
अनुसूचित जाति मोर्चा
राष्ट्रीय प्रशिक्षण चिंतन बैठक
: 11, अशोक रोड़,
: 09.02.2018
B.
J.
P.

अनुसूचित जनजाति मोर्चा

भारत में आदिवासी, जिन्हें हम अनुसूचित जनजाति (एसटी) भी कहते हैं, जनसंख्या का 8.6 फीसदी हिस्सा हैं। भाजपा ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चे का गठन आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण तथा उनके समग्र विकास हेतु योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत करने के लिए किया। आरम्भ से ही आदिवासियों को विकास की मुख्यधारा में लाने और उनकी आनुवंशिक क्षमता को दुनिया को दिखाने के लिए एसटी मोर्चे के कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहे हैं। संविधान और एक के बाद एक आई सरकारों ने उनके विकास के लिए अनेक कल्याणकारी कार्यक्रम भी चलाए, मगर आदिवासी समुदाय का बड़ा हिस्सा अब भी इन योजनाओं के बारे में अवगत नहीं है। एसटी मोर्चा अनुसूचित जनजाति के बीच उनकी बेहतरी के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में उन्हें जागरूक करने के लिए देश भर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

(दाएँ)
राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए खाका तय करने हेतु अनुसूचित जनजाति के नेता नई दिल्ली में बैठक करते हुए।

(सामने वाला पृष्ठ)
श्री सुनील पांडेय, श्री महेश चंद्र शर्मा, श्री पी. मुरलीधर राव अनुसूचित जनजाति मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
1916
2016
जन्म शताब्दी वर्ष
प. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान
राष्ट्रीय प्रशिक्षण चिंतन बैठक
09.02.2018
B.J.P.
Bisleri

सांसदों का प्रशिक्षण

सुप्रसिद्ध सूरजकुंड मेला स्थल पर भाजपा ने पहली बार लोकसभा व राज्यसभा पहुँचे अपने सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों का मार्गदर्शन किया कि किस तरह से सार्वजनिक जीवन में अपना स्तर बनाए रखा जाए और वे लोगों तक सुशासन को लेकर जाएँ। उन्होंने कहा, ''भाजपा के लिए प्रशिक्षण कोई अनुष्ठान नहीं, बल्कि क्षमता निर्माण की एक पुरानी व मजबूत परंपरा है।''

सांसदों से नकारात्मकता मिटाने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनसे एक ऐसा दृष्टिकोण अपनाने के लिए कहा जिसमें सबका साथ समाहित हो तथा साथियों की भावना का आदर हो। उन्होनें सांसदों से कहा कि वह अपने कर्तव्यों को एक अभियान के दृष्टिकोण से देखें तथा प्रथम बार बने सांसदों से विषयों की गहरी समझ के लिए खुद से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। पार्टी अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने इन सांसदों से सदन में व्यवस्था और अनुशासन का पालन करने का भी अनुरोध किया।

(दाएँ, ऊपर)
सूरजकुंड में पहली बार सांसद चुने गए कार्याकताओं के प्रशिक्षण शिविर में केंद्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह का स्वागत।

(दाएँ और सामने वाला पृष्ठ)
पहली बार सांसद बने सदस्यों की प्रशिक्षण के लिए फरीदाबाद, हरियाणा में आयोजित प्रशिक्षण सत्र उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं के साथ शासन के संदेश को जनता तक ले जाने का गुर सिखाया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनता से जुड़ी प्रतिबद्धताओं के बारे में सांसदों का मार्गदर्शन किया।

(बाएँ, ऊपर)
श्री नरेंद्र मोदी एक कार्यकर्ता के रूप में प्रथम बार निर्वाचित सांसदों के प्रशिक्षण में

(बाएँ, नीचे)
डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृह मंत्री, तथा श्री जेपी नड्डा राष्ट्रीय अध्यक्ष, 3 और 4 अगस्त 2019 को आयोजित प्रथम बार निर्वाचित सांसदों की बैठक में साहित्य जारी करते हुए

(बाएँ, नीचे)
17वीं लोकसभा में प्रथम बार निर्वाचित सांसदों का प्रशिक्षण शिविर

(सामने वाला पृष्ठ)
17 वीं लोकसभा के लिए संसद के निर्वाचित सदस्यों के लिए प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र के दौरान मंच पर गणमान्य व्यक्ति केंद्रीय मंत्री और सदन राज्यसभा के नेता श्री थावर चंद गहलोत, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा।

विधायकों और विधान पार्षदों का प्रशिक्षण

सुशासन, क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निदान, वक्त पर राशि-निर्गमन सुनिश्चित करना, विकास परियोजनाओं पर अमल और जन-कल्याणकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन आदि कुछ ऐसी चीजें थीं, जिनके बारे में देश भर के सभी राज्यों के विधायकों और विधान पार्षदों को उनके लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि वह सभी अपने क्षेत्र की तरक्की और समृद्धि में एक विधायक कितनी असरदार भूमिका निभा सकता है। अगर वह तमाम उपलब्ध मौकों का प्रयोग करे और सदन के विधायी, वित्तीय और दूसरे कामों में सक्रियता व ऊर्जा के साथ भाग ले, तो वह अपने क्षेत्र की कायाकल्प कर सकते हैं। विधायकों से कहा गया कि वे देश के संविधान को गहराई से समझें और भाजपा विधायक के तौर पर अपने कर्तव्यों के निर्वाह के वैचारिक रूप में प्रतिबद्ध बनें।

(दाएँ, ऊपर)
पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की केन्द्रीय टीम में सम्मिलित डॉ. महेश चंद्र शर्मा, श्री पी. मुरलीधर राव, डॉ. आर बालाशंकर, श्री सुनील पांडेय और श्री हेमंत गोस्वामी विधायकों और विधान पार्षदों का प्रशिक्षण के मुद्दों पर नई दिल्ली में विचार-विमर्श करते हुए।

(दाएँ और सामने वाला पृष्ठ)
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह का स्वागत करते हुए असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल। बाद में श्री अमित शाह ने नवनिर्वाचित विधायकों को संबोधित किया।

निजी सचिव और निजी सहायक का प्रशिक्षण

निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों से संपर्क के लिए पर्सनल असिस्टेंट्स (पीए) और पर्सनल सेक्रेटरी (पीएस) यानी निजी सहायक और निजी सचिव ही वह संपर्क बिंदु होते हैं, जिनके पास सहयोग के लिए जनता, सहयोगी और सरकारी अधिकारी संपर्क करते हैं। इसलिए निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के पीए/पीएस को इतना दक्ष होना चाहिए कि वह जन-प्रतिनिधि की चिठ्ठी-पत्री और प्रशासनिक काम को देख सके, ताकि सांसद या विधायक रणनीतिक चुनौतियों के बारे में सोचने के लिए स्वतंत्र रह सकें। पीए/पीएस की इन सभी जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए ही उनके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य जोर उनके व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ उनकी प्रबंधकीय योग्यता और व्यवहार कौशल को निखारने पर रहा। दो दिन के ये प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न स्तरों पर आयोजित किए गए, जिनमें वे संसदीय साधनों से परिचित हुए और उन्हें कार्य-प्रणाली के बारे में समझाया गया।



(दाएँ, ऊपर)
प्रशिक्षण शिविर में निजी सहायकों और निजी सचिवों को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर।

(दाएँ, नीचे)
पीए और पीएस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण विभाग के प्रतिनिधि।

(सामने वाला पृष्ठ)
पीए-पीएस के प्रशिक्षण शिविर का संवाद सत्र।

मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रशिक्षण

सामाजिक तथा राजनीतिक अभियान, वैश्विक फलक में अपनी उपस्थिति बढाने तथा अपने विरोधियों का सामना करने के लिए मीडिया तथा नई मीडिया का प्रयोग भारतीय जनता पार्टी के लिए जरा सा भी नया नहीं है। भाजपा ने संचार के इस माध्यम के महत्त्व को समझा और इसलिए पार्टी ने मीडिया और सोशल मीडिया विभाग के गठन का निर्णय किया, जो विभिन्न संचार माध्यमों के जरिये इसके विचारों, गतिविधियों और कार्यों को लोगों तक पहुँचा सके। इस संचार माध्यम की बारीकियों को समझने के लिए इस विभाग के लोगों का प्रशिक्षण बहुत महत्त्वपूर्ण था। सम्बन्धित कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए नई दिल्ली में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें एक बार फिर पार्टी की विचारधारा के बारे में बताया गया और मीडिया के प्रयोग से पार्टी के सिद्धांतों व नीतियों के प्रसार में उनकी भूमिका उन्हें याद दिलाई गई।

(दाएँ, ऊपर)
भाजपा महासचिव (संगठन) श्री रामलाल, सरदार आर.पी. सिंह, श्री संबित पात्रा, श्री सुधांशु त्रिवेदी और श्री जी.वी.एल. नरसिम्हा राव के साथ मीडिया व सोशल मीडिया प्रशिक्षण सत्र में भाग लेते हुए।

(दाएँ, नीचे)
मीडिया व सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए नई दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का दृश्य।

(सामने वाला पृष्ठ)
प्रशिक्षण शिविर में केन्द्रीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल का स्वागत करते भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रभारी श्री संजय मयूख। साथ में बैठे हैं भाजपा महासचिव (संगठन) श्री रामलाल।

सहकारी प्रकोष्ठ

सहकारी संगठनों का गठन लोगों ने अपनी साझा आकांक्षाओं व आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया। चूंकि देश में अनेक सहकारी संगठन कार्यरत हैं, ऐसे में पार्टी ने सहकारिता के क्षेत्र में भी अपना आधार सुदृढ़ करने का निर्णय किया, ताकि लोगों को उनके सपने पूरे करने में सहयोग किया जा सके। देश भर के सहकारी क्षेत्र के नेताओं और निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करने के लिए एक अनोखे प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई, ताकि विभिन्न स्तरों पर, चाहे वह राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला या उससे भी निचले स्तर पर हो, सहकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे लोग इन्हें पेशेवर ढंग से और कुशलता से चला सकें। इसकी रूपरेखा इस तरह से तैयार की गई है, ताकि प्रशिक्षणार्थी भी अधिकतम लाभ हासिल कर सकें। कार्यकर्ताओं को इस तरह से प्रशिक्षित किया गया है कि वे लोगों को इसके नियम-कानूनों के बारे में भी जागरूक कर सकें।

(दाएँ)
सहकारी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रतिनिधि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की टीम के साथ एक तैयारी बैठक में जहाँ पर प्रशिक्षण पाठ्यकम तथा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

छोटे मन से कोई
बड़ा नहीं होता,
टूटे मन से कोई
खड़ा नहीं होता

विभाग एवं प्रकल्प प्रशिक्षण

भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न प्रकल्पों और विभागों में काम करने वाले लोगों को भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया। इसका उद्देश्य था, उन्हें पार्टी की विचारधारा की ओर प्रवृत्त करना; सरकार के साथ समन्वय में दक्ष बनाना; पार्टी कार्यकर्ताओं और मंत्रियों के बीच के संचार तंत्र के बारे में बताना और आचार संहिता के बारे में सिखाना; इसके अलावा, उन्हें राजनीतिक-वैचारिक पत्रिकाओं व प्रकाशनों के बारे में बताना और खास राज्य/क्षेत्र के भू-राजनीतिक विकास क्रम-संबंधित साहित्य से अवगत कराना। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी के विभिन्न विभागों, प्रकोष्ठों और प्रकल्पों में काम कर रहे लोगों के लिए आयोजित किए गए थे। इनमें सुशासन, पॉलिसी रिसर्च, मीडिया, कार्यक्रम और सम्मेलन, पुस्तकालय, पब्लिसिटी, समन्वय, चुनाव आयोग, विधि, प्रकाशन, सोशल मीडिया, अंतरराष्ट्रीय संबंध जैसे विभाग से जुड़े लोग तो सम्मिलित हुए ही, आजीवन सहयोग निधि, परियोजना/कार्यालय आधुनिकीकरण, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नमामि गंगे, संपर्क अभियान और सहयोग जैसे विभागों में काम करने वाले भी सम्मिलित हुए।

(ऊपर)

श्री अमित मालवीय, संयोजक आईटी और सोशल मीडिया, श्री रघुनन्दन शर्मा, डॉ. शिव शक्ति बक्शी, समन्वयक-प्रकाशन और पार्टी पत्रिका, श्री हेमंत गोस्वामी और प्रशिक्षण विभाग के डॉ. आर. बालाशंकर तथा अन्य 28 जून, 2018 को दिल्ली में विभागों और प्रकल्पों के प्रतिनिधियों के साथ

(नीचे)

श्री सुनील पाण्डेय, सह-संयोजक, प्रशिक्षण विभाग, श्री राजेन्द्र अशोक फड़के, संयोजक, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, श्री जगदीप धनखड़, संयोजक विधि प्रकोष्ठ, श्री असीरवाथम आचार्य, सह-संयोजक, प्रलेखन और पुस्तकालय, विभाग एवं प्रकल्प के प्रतिनिधियों के साथ 28 जून, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर की तस्वीरें।

(ऊपर)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री हेमंत गोस्वामी, डॉ. महेश चंद्र शर्मा, श्री पी. मुरलीधर राव, श्री सुनील पांडेय के साथ विभाग एवं प्रकल्प के राष्ट्रीय प्रभारी श्री अरविंद मेनन विभिन्न प्रतिनिधियों से नई दिल्ली में संवाद करते हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीक का प्रयोग

भारतीय जनता पार्टी की प्रशिक्षण शाखा–पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान पार्टी की क्षमता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए तकनीक व आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करती है। एक विशेष सर्वर के साथ भाजपा के प्रशिक्षण विभाग ने 'अत्यधिक आधुनिक सॉफ्टवेयर' और मोबाइल एप भी विकसित किए हैं, जो देश के सुदूर कोने में भी प्रशिक्षण की प्रगति तथा इसके सूक्ष्म विवरणों का पता लगाया जा सके।

इस सॉफ्टवेयर का प्रयोग कार्यक्रमों में भागीदारी करने वालों के विवरण दर्ज करने, डाटा रिकॉर्डिंग व विश्लेषण और खास तरह की रिपोर्ट तैयार करने के लिए होता है।

(नीचे)
प्रतिभागियों के आंकड़े को लेने के लिए तथा सुगम पंजीकरण के लिए मोबाइल फोन तथा पीसी एप्लीकेशन के स्क्रीनशॉट









वैचारिक

आधार

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

हमारी भारतीय परंपरा जो दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है। भाषा, धर्म और भूगोल की सरहदों से परे जाकर हमें यह सीख देती है कि 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' अर्थात् माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है और 'पृथ्वी हमारी माता है और हम उसकी संतान है। 'वंदे मातरम्' वैदिक सूक्ति, 'माता भूमि पुत्रे अहं पृथिव्या' की ही समकालीन अभिव्यक्ति है। हम सब धरती माता की संतानें हैं, इसलिए हम सबमें एकात्मता होनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रवाद का सबसे महत्त्वपूर्ण भाव उसके नारे-'भारत माता की जय' में निहित है। पार्टी कार्यकर्ता अखंड भारत की दिशा में काम करते हैं। यह एक राजनीतिक नारा भर नहीं, बल्कि यह हमारा लक्ष्य है, जैसा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहते थे। भारत की सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रवाद इसकी रचनात्मक, जीवंत व सकारात्मक भावनाओं से निकले हैं। राष्ट्रवाद हमारी संस्कृति है और हममें राष्ट्रवाद की भावना स्वाभाविक रूप से पैदा होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर, 2018 को देश के स्टेट्समैन और महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की ऐतिहासिक प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का अनावरण करते हुए। यह दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा है, जिसकी ऊँचाई 182 मीटर (597 फीट) है। गुजरात में नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बाँध के सामने स्थित है यह प्रतिमा।

चिति-राष्ट्र की आत्मा

किसी भी राष्ट्र का उत्थान और पतन उसके चिति पर निर्भर करता है, जो कि उस राष्ट्र की मनोदशा या राष्ट्र की आत्मा है। किसी भी समाज को तब अच्छा माना जाता है, जब वह अपनी राष्ट्रीय मनोदशा अथवा चिति से जुड़ा होता है। ऐसे ही, किसी समाज को तब बुरा माना जाता है, जब वह चिति के विपरीत चला जाता है। अगर हम अपने चित्त को भूल जाते हैं, तो दूसरों के गुलाम बन जाते हैं। ऐसे ही चित्त के बोध पर ही हम आजादी प्राप्त करते है।

विराट-स्वस्थ समाज की शक्ति

सभी घटक संस्थाएँ 'विराट' समाज की अन्तर्निहित एवं प्रतिरक्षात्मक शक्ति है। समाज की विराट से उत्पन्न है। विविध घटकों में पृथकता की भावना विराट को दुर्बल करती है। जहाँ राजनीतिक संप्रभुता पश्चिमी 'राष्ट्र-राज्य' नियामक शक्ति है, वहीं 'सांस्कृतिक राष्ट्र' की नियामक शक्ति चिति और विराट हैं, जो राष्ट्र का पोषण करते हैं।

विविधता का उत्सव

भारत एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है; एक ऐसा समाज, जहाँ विभिन्न सांस्कृतिक आयामों के लोग रहते हैं, जो भिन्न-भिन्न भाषाएँ बोलते हैं, अलग-अलग उपासना-मतों को मानते हैं, तरह-तरह की रस्मों का पालन करते हैं, अलग-अलग त्योहार मनाते हैं, इसके बावजूद हमारा सांस्कृतिक विश्वास एक है।

व्यापक विविधता के अतिरिक्त हम एक देश, एक जन और एक संस्कृति हैं। भारतीय संस्कृति 'एकम सत् विप्रः बहुधा वदंति' की अवधारणा पर विकसित हुई है। भारत में विविधता विभाजनकारी ताकत नहीं, बल्कि नियामक शक्ति है। हर समुदाय, जाति, धर्म और भाषा के लोग एक ही संस्कृति व्यक्त करते है। राष्ट्रीयता एक सामाजिक अनुभूति है।

एकात्म मानववाद

भारतीय जनता पार्टी व्यक्ति और समाज तथा समाज व निर्माता अथवा प्रकृति के बीच एकात्मकता की अपील करती है तथा समाज से इस एकात्मकता का अनुभव करने और राजनीति में इसे प्रतिबिंबित करने का आह्वान करती है। व्यष्टि (व्यक्ति) से समष्टि (समाज), सृष्टि (प्रकृति) और परमष्ठि (सर्वोच्च शक्ति) मानव के अस्तित्व में समाई हुई हैं।

राष्ट्र प्रथम

इस आदर्श में यह धारणा निहित है कि भारत जैसा समृद्ध और विविधतापूर्ण देश तभी एकजुट हो सकता है, जब इसके लोग अपनी पहचान को दूसरी किसी चीज की बजाय भारतीयता से जोड़ने को प्राथमिकता देंगे। यही वह धारणा है, जिससे भाजपा का जन्म हुआ। यह पार्टी राष्ट्रीय राजनीति में विश्वास करती है, जहाँ हर भारतीय, चाहे वह किसी भी जाति, समुदाय या धर्म का हो, वह सबसे पहले भारतीय है।





(सामने वाला पृष्ठ)
पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक।

(बाएँ)
श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष।

इस पहचान को प्राथमिकता देने पर ही भारत सांस्कृतिक और आर्थिक विश्व शक्ति के रूप में खुद को पुनः प्रतिष्ठित कर सकेगा। राष्ट्र-हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना ही एकजुट एवं शक्तिशाली भारत की प्रत्याभूति है, जहाँ 1.25 अरब भारतीयों में से प्रत्येक अपने रास्ते पर चलते हुए अपने अनोखे सपने को पूरा करने में भूमिका अदा करेंगे।

लोकतंत्र

लोकतंत्र भारत को पश्चिम की देन नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद स्वाभाविक रूप से लोकतांत्रिक है। जैसा कि दीनदयाल उपाध्याय ने 'लोकतंत्र के भारतीयकरण' और 'लोकमत परिष्कार' की आवधारणा को प्रस्तुत करते हुए कहा है, ''लोकतंत्र को सरकार के दो स्वरूपों-भीड़तंत्र और तानाशाही के बीच जीवित रखना कठिन है। ऐसे में, लोगों में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। यह जनमत को सम्मानित और अलंकृत करना है। यह एक सांस्कृतिक प्रक्रिया है।''

आर्थिक लोकतंत्र

भाजपा प्रत्येक व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर, लोगों के लोकतांत्रिक सशक्तिकरण में विश्वास करती है।

सुशासन

भाजपा ने सुशासन को एक ऐसे शासन के तौर पर परिभाषित किया है, जहाँ देश के विकास की दिशा तय करने के मामले में समाज के सबसे कमजोर और भंगुर हिस्से का भी समान योगदान हो। पार्टी पारदर्शिता, कुशलता और जवाबदेही के आदर्शों में विश्वास करती है और जहाँ भी वह चुनावी जीत के बाद सत्ता में आई है, वहाँ उसने इन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है।

दरअसल, यह जनता और देश के युवा नेतृत्व के लिये वर्षों निरंतर किया गया काम है, जो भाजपा को सत्ता में ले आया है। भाजपा एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए काम कर रही है, जहाँ मतदाताओं को एक साफ-सुथरी सरकार मिले, जो भ्रष्टाचार और घोटालों से मुक्त हो।

भाजपा के लिए सरकारी कामकाज एक मिशन है, जो देश के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। सुशासन यह तय करता है कि देश के सबसे बड़े नेता और शीर्ष नौकरशाही भी देश के किसी भी हिस्से में रहने वाले नागरिक के प्रति जबावदेय है।

भाजपा सरकार पूर्ण पारदर्शिता में विश्वास करती है, जिसमें राष्ट्र की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले दस्तावेजों को छोड़कर हर फाइल और सरकारी दस्तावेज जनता द्वारा जाँच करने के लिए उपलब्ध हों। पार्टी एक ऐसी साफ-सुथरी और कुशल सरकार की स्थापना के लक्ष्य में जुटी है, जो हर कदम पर नागरिकों को सक्रिय भागीदारी और जुड़ाव के लिए उन्हें आमंत्रित करती है।

भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष-

श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी (1951-52)
श्री प्रेम नाथ डोगरा (1955)
श्री आचार्य डी.पी. घोष (1956-59, 1962 और 1964)
श्री पीतांबर दास (1960)
श्री अवसरला रामा राव (1961)
श्री रघुवीर (1963)
श्री बछराज व्यास (1965)
श्री बलराज मधोक (1966)
श्री दीनदयाल उपाध्याय (1967-68)
श्री अटल बिहारी वाजपेयी (1968-72)
श्री लालकृष्ण आडवाणी (1973-77)

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (1980)
श्री लालकृष्ण आडवाणी (1986, 1993 और 2004-06)
श्री मुरली मनोहर जोशी (1991-93)
श्री कुशाभाऊ ठाकरे (1998-2000)
श्री बंगारू लक्ष्मण (2000)
श्री के. जना कृष्णमूर्ति (2001-02)
श्री एम. वेंकैया नायडू (2002-04)
श्री राजनाथ सिंह (2006-09 और 2013-14)
श्री नितिन गडकरी (2009-13)
श्री अमित शाह (2013 से)
श्री जे.पी. नड्डा (2019 से)



श्री अटल बिहारी वाजपेयी
1980-86



श्री लालकृष्ण आडवाणी
1986-91

श्री मुरली मनोहर जोशी
1991-93



श्री लालकृष्ण आडवाणी
1993-98



श्री कुशाभाऊ ठाकरे
1998-2000

श्री बंगारू लक्ष्मण
2000-2001



श्री के. जना कृष्णमूर्ति
2001-02

श्री एम. वेंकैया नायडू
2002-04



श्री लालकृष्ण आडवाणी
2004-06



श्री राजनाथ सिंह
2006-09

श्री नितिन गडकरी
2009-13



श्री राजनाथ सिंह
2013-14



श्री अमित शाह
2013 से

श्री जे.पी. नड्डा
2019 से

कार्य प्रणाली

सामूहिकता : साझापन या 'हम की अनुभूति' विविध प्रकार के राजनैतिक और सामाजिक अभियानों को तथा राष्ट्रीय एवं सामाजिक महत्त्व के मुद्दों पर सफल लोक-जागरण कार्यक्रमों को संगठित करने में सहायक होती है साझापन एवं सामूहिकता की अनुभूति से ही 'टीम भावना' उत्पन्न होती है। इसी तरह, एक मजबूत संगठन तभी बनता है, जब उसके सदस्यों के बीच निरंतर संवाद चलता है। इस बात की आवश्यकता है कि हर कार्यकर्ता गंभीरता पूर्वक यह कार्य करे।

निर्णय लेना और स्वामित्व

अर्थपूर्ण, निरंतर और स्वस्थ संवाद के परिणामस्वरुप ही स्वस्थ निर्णय लिया जा सकता है। राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने, समीक्षा बैठक करने, विचार-विमर्श करने, कार्यकर्ताओं के समग्र विकास पर जोर देने, किसी भी काम की जिम्मेदारी लेने, प्रशिक्षण, यात्राओं का आयोजन करने और निरंतर आगे बढ़ते रहने की आवश्यकता है। जो लक्ष्य तय किया गया हो और जो निर्णय लिया गया हो, हर कार्यकर्ता को उसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

स्वदेशी

एक संतुलित अर्थव्यवस्था या पंडित दीनदयाल उपाध्याय के शब्दों में 'अर्थायम' शुरू से ही पार्टी का नीति-निर्देशक सिद्धांत रहा है। केन्द्रीकृत समाजवाद या पूंजीवाद के विपरीत पार्टी अर्थव्यवस्था के 'विकेंद्रीकरण' में विश्वास करती है।

समरस समाज

पार्टी सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर समरस समाज की सोच पर विश्वास करती है, जो एक सौहार्दमूलक समाज की स्थापना की ओर ले जाती है। यह समाज शोषण से मुक्त होता है।

धर्म राज्य

भाजपा पंथनिरपेक्षता और 'सभी धर्मों को बराबर का सम्मान देने' की संस्कृति में विश्वास करती है। इसके पीछे धर्म राज्य का विचार है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार, एक ऐसा राज्य है, जहाँ हर आस्था और समुदाय के प्रति सहिष्णुता व सम्मान का भाव है; यह एक ऐसा राज्य है, जहाँ सबकी उपासना और अंतर्ज्ञान के लिए स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाती है तथा राज्य धर्म के आधार पर किसी के साथ सैद्धांतिक या व्यावहारिक रूप में भेदभाव नहीं करता। यह एक 'थियोकेटिक' (पांथिक राज्य) नहीं वरन् पंथनिरपेक्ष राज्य है।

पंचनिष्ठा

बेहतर प्रशासन के लिए पांच निष्ठाएं हैं: संवाद, संपर्क, सहयोग, समन्वय तथा समाधान - यह सभी एक उत्तरदायी प्रशासन को सुनिश्चित करते हैं।

मूल्यों की राजनीति का वादा

बिना सिद्धांत की राजनीति अव्यवस्था की ओर ले जाती है, जिसकी परिणति अंततः देश के विनाश के रूप में सामने आती है। एक एकजुट देश वह है, जहाँ नागरिक को एक समान अवसर मिलता है, जहाँ प्रतिभा और कठोर परिश्रम का सम्मान किया जाता है, जहाँ हर नागरिक आर्थिक बदलाव और उत्पादकता का वाहक है, यही भाजपा के सपनों का भारत है।

एक मजबूत भू-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के निर्माण के बाद भाजपा विश्व शांति या 'वसुधैव कुटुंबकम्' के लिए दुनिया भर में अभियान चलाएगी। ●

प्रशिक्षण

एक नए भारत के लिए

कार्यालय सहयोग

संचालन

वे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना बनाते हैं, प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करते हैं, प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी कार्यक्रम सफलता के साथ संपन्न हो सकें।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. महेश चंद्र शर्मा, भाजपा महासचिव और प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी श्री पी. मुरलीधर राव, प्रशिक्षण महाभियान के समन्वयक व सह-संयोजक डॉ. आर. बालाशंकर और प्रशिक्षण विभाग के सदस्य श्री हेमंत गोस्वामी जो कार्यालय के अधिकारियों तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ पूर्णकालिक रूप से कार्य करते हैं तथा वे मसौदा पाठ्यक्रम का निर्माण करने एवं अत्यंत ही सफल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए मुख्य व्यक्ति हैं।

लेकिन किसी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता के लिए यह जरूरी होता है कि आयोजक भी पार्टी की विचारधारा व रणनीतियों के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध रहें। भाजपा इस बात को बखूबी जानती है। इसलिए राज्य, जिला एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए नई दिल्ली में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि उन्हें यह भान कराया जा सके कि प्रशिक्षण अभियान की सफलता काफी हद तक उनकी सक्रियता पर निर्भर है। ●

Sh. Mahesh Sharma

(शीर्ष)
श्री सुनील पांडेय राष्ट्रीय प्रशिक्षण टीम के सदस्यों से संवाद करते हुए।

(ऊपर)
राज्यों के प्रशिक्षण प्रभारी अपने बिंदु प्रस्तुत करते हुए।

(शीर्ष)
श्री हेमंत गोस्वामी, डॉ. आर. बालाशंकर, श्री वी. सतीश, श्री पी. मुरलीधर राव, डॉ. महेश चंद्र शर्मा और श्री सुनील पांडेय प्रशिक्षण विभाग की बैठक में भाग लेते हुए।

(ऊपर)
डॉ. आर. बालाशंकर श्री हेमंत गोस्वामी के साथ नई दिल्ली में प्रशिक्षण सामग्रियों को अंतिम रूप देते हुए।

खबरों में

प्रशिक्षण कार्यक्रम

जुलाई 2015 में इसकी शुरूआत से लेकर आज तक मीडिया की निगाहें लगातार ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर रही हैं मुख्य धारा के अंग्रेजी तथा हिंदी दैनिक अखबारों से लेकर स्थानीय समाचार पत्रों तथा ऑनलाइन मीडिया में सभी ने हर प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थान दिया है फिर चाहे वह राष्ट्रीय, प्रादेशिक, जिले व मंडल स्तर पर आयोजित किए गए हों।

जहाँ सूरजकुंड के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन ने एक हलचल उत्पन्न कर दी थी, तो वहीं भाजपा अध्यक्ष श्री अमित शाह के पार्टी कार्यकर्ताओं के हर एक संबोधन ने राष्ट्रीय व क्षेत्रीय मीडिया में लहर पैदा की। ●

ECONOMIC TIMES
1 July 2015

BJP Launches Drive to Raise 15 L Workers

Four-month long drive started with Amit Shah's address to 200 trainers



ANIRBAN BORA

Our Political Bureau

New Delhi: BJP president Amit Shah on Tuesday launched the party's drive to create a dedicated cadre of about 15 lakh dedicated political workers, from among over 10-crore strong pool that it has enrolled after coming to power at Centre May last year.

The four-month long drive began Tuesday with Shah addressing over 200 trainers, who will disperse across the country to train state-level trainers. These in turn will go on to train district-level trainers later on. The three-day workshop of national-level trainers will highlight issues and agendas that they need to indoctrinate 15 lakh cadres, targeted by the party.

In-charge of the training drive and BJP general secretary, P Murlidhar Rao disclosed that the training will be held across 11,000 mandals in the country. The broad issues for training curricula will comprise BJP's history (since Jan Sangh days), foundation of its principles and the saffron parivar among others.

Under the training plan, the workshops at mandal level will be conducted for two days while at district level it will be three days and two nights.

The central leadership of the party has directed to go beyond the active members of the party and try to include about 10 per cent people from "eminent persons" from various walks of life and ensure proportionate representation of women, scheduled castes and scheduled tribes at the mandal and district level to ensure widest representation of cross section of society. However, the mention of minorities is conspicuous by its absence in the circular that seeks to widen the representation of various sections of society.

TRAINING MODULE

Broad issues for training curricula will comprise BJP's history, foundation of its principles and RSS

THE TIMES OF INDIA

BJP launches drive to raise 15 lakh workers

ET Bureau | Jul 1, 2015, 11.18AM IST

NEW DELHI: BJP president Amit Shah on Tuesday launched the party's drive to create a dedicated cadre of about 15 lakh dedicated political workers, from among over 10-crore strong pool that it has enrolled after coming to power at Centre May last year.

BJP president Amit Shah on Tuesday launched the party's drive to create a dedicated cadre of about 15 lakh dedicated political workers.

The four-month long drive began Tuesday with Shah addressing over 200 trainers, who will disperse across the country to train state-level trainers. These in turn will go on to train district-level trainers later on. The three-day workshop of national level trainers will highlight issues and agendas that they need to indoctrinate 15 lakh cadres, targeted by the party.

In-charge of the training drive and BJP general secretary, P Murlidhar Rao disclosed that the training will be held across 11,000 mandals in the country. The broad issues for training curricula will comprise BJP's history (since Jan Sangh days), foundation of its principles and the saffron parivar among others.

Under the training plan, the workshops at mandal level will be conducted for two days while at district level it will be three days and two nights.

The central leadership of the party has directed to go beyond the active members of the party and try to include about 10 per cent people from "eminent persons" from various walks of life and ensure proportionate representation of women, scheduled castes and scheduled tribes at the mandal and district level to ensure widest representation of cross section of society. However, the mention of minorities is conspicuous by its absence in the circular that seeks to widen the representation of various sections of society.

2 Pure Politics

PARTY MANUAL 'KISS is the rule, keep it short & simple. Make only three to five specific points in approximately three to five minutes'

BJP Comes Out With Elaborate Media Mantra for Members

'Social media is also a rumour mill. Be brief in your posts. Be careful about what you post'

RakeshMohan.Chaturvedi
@timesgroup.com

New Delhi: A BJP manual for its members on ways to deal with the press and conduct themselves on social media has such elaborate guidelines that many journalism schools would be tempted to incorporate them in their curriculum.

The guidebook, issued by the BJP Training Cell, conveys to the party leaders and workers virtually everything — what time of day is good for holding a press interaction; days of the week that get the best impact; the way party spokespersons should dress during television appearances; etc.

In 2015, BJP had begun what it claims is the largest training programme for political workers anywhere in the world. The Deendayal Upadhyaya Prashikshan Mahabhiyan conducted thousands of training programmes from the 'mandal' to the national level across the country. The 'Media: Approach and Strategy' is a "quick guidebook" for handling the media. Leaders have been told to share even their weekend retreat and unlisted numbers with editors and reporters and take them out for coffee or lunch as well as send them thank you notes as part of building relationships.

If the guidebook is followed, it is likely to usher in a sea-change in the way BJP treats the media ahead of the 2019 Lok Sabha polls. The focus on television is visible in the book that says spokespersons should refrain from making power presentations or using visual aids, should not get distracted or angry or deviate from party line and speak out their personal opinion/hypothesis during press conferences.

"KISS is the rule, keep it short and simple. Make only three to five specific points in approximately three to five minutes," the guidebook says. Leaders should get straight to the point. Newsbites may be 10-40 seconds long. It advises leaders to schedule pitches at times when it would get maximum eyeballs. "Generally, business hours between 9:30 am and 2 pm is best since this gives reporters time to write and file their stories. Mondays and Fridays are always more difficult than mid-week, but don't be afraid to ask if the editor prefers specific days," the booklet says.

Only one or two leaders should be on the dais and BJP logo should be displayed prominently, it says.

The reporters should be given due respect. "As with any relationship, building trust is critical. Keep your promises and be on time... Don't question the questions, don't say 'no comment' or 'that's off the record', don't ask for reviewing the story, don't argue or lose your cool, don't play favourites," the guidebook says.

There are sections even on how press releases should be prepared. A good headline, getting to the point in the first paragraph, including hard numbers, being grammatically correct, using relevant quotes, sharing your contact information, keeping it to just one or two pages.

RESPECT REPORTERS

Reporters should be given due respect. 'As with any relationship, building trust is critical'

Press conferences should be organised only when the party wants to break some news or when there is a very important issue that the media is curious about. The timing is important too — press conferences should ideally be held between 11 am and 1 pm for maximum coverage and mid-week is the best time. Fancy locations for such events should be shunned, equipment like mikes should be of good quality and checked at least two hours before the conference begins.

Media kit for journalists, deciding the seating of leaders on the dais and having only one or two speakers other than a moderator have also been emphasised. Those holding press interactions should remember that questions are most important and challenging. "Prepare as much as you can beforehand by working out what might be asked. It's a good idea to practice with someone pretending to be a journalist," the booklet says.

